Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 06-12-2006

Participants : Saroj Shri Daroga Prasad

an>

Title: Need to include all the districts of Uttar Pradesh under Accelerated Power Development Reforms Programme.

श्री दरोगा प्रसाद सरोज (लालगंज) : महोदय, उत्तर प्रदेश देश का सबसे पिछड़ा प्रदेश है तथा देश का हृदय भी है और आबादी के हिसाब से भी देश में बड़ा प्रदेश है। यहां आधारभूत सुविधायें नहीं के बराबर हैं। चाहे वह इंडस्ट्री हो या लघु उद्योग, कुटीर उद्योग के संबंध में हो या बिजली के संबंध में हो, सड़क के संबंध में हो या रोजगार, शिक्षा, पानी की व्यवस्था का हो। केन्द्र सरकार की प्रायोजित APDRP में मात्र चार जिले प्रतिर्वा लिए जाते हैं। अगर यही रफ्तार रही तो उत्तर प्रदेश में यह कार्य 10-15 वर्ो में संभव हो सकेगा। उत्तर प्रदेश की दयनीय स्थिति को देखते हुए इस पर विचार कर सभी जिलों को APDRP में एक दो वर्ो के अंदर ही लेकर कार्य शुरू करने की अत्यंत आवश्यकता है।